# अन्तिम डिक्री

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कठूमर ( अलवर )

**पीठासीन अधिकारीः– श्री श्याम सुन्दर चेतीवाल (आर ए एस)**

राजस्व वाद संख्याः– 1/213/2022 दायर दिनांकः– 13/07/2025

जीसीएमएस नं0ः– 2022/2120 निर्णय दिनांकः– 30/10/2025

वउनवान

1. रमेश पुत्र ईशर जाति मीना निवासी सालवाडी
2. बाबूलाल पुत्र ईशर जाति मीना निवासी सालवाडी
3. मुरारी पुत्र ईशर जाति मीना निवासी सालवाडी
4. जितेन्द्र पुत्र सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी
5. लक्ष्मी पुत्री सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी
6. बत्तन पुत्री सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी

तहसील कठूमर जिला अलवर

—————— वादीगण

बनाम

1. विजेन्द्र पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
2. रामअवतार पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
3. प्रकाश पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
4. मुकट पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
5. हरसहाय पुत्र छाज्या जाति मीना निवासी सालवाडी
6. रामपाल पुत्र बुद्दा जाति मीना निवासी सालवाडी
7. शिवराम पुत्र करण जाति मीना निवासी सालवाडी
8. विशराम पुत्र करण जाति मीना निवासी सालवाडी
9. सपना पुत्री सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी
10. उप पंजीयक खेरलीमण्डी

    तहसील कठूमर
11. तहसीलदार कठूमर बहैसियत लैण्ड होल्डर तह0 कठूमर

———— प्रतिवादीगण

उपखण्ड अधिकारी
(अलवर) राज0

**दावा तकसीम व हूक्मइन्तनाई दवामी अन्तर्गत धारा–53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955**

उपस्थित :–श्री सुभाष चन्द "अर्रुवा" एडवोकेट– वादीगण
श्री भागचन्द जैन एडवोकेट– प्रतिवादी सं0 1से 5 व 7–8
श्री श्यामसिंह चौहान एडवोकेट– प्रतिवादी सं0 9

## –::निर्णय::–

वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद तकसीम व हुक्मइन्तनाई दवामी के संक्षिप्त तथ्य के इस प्रकार से है कि आराजी खसरा नम्बर 564 रकवा 1.53 हे. ग्राम सालवाडी तहसील कठूमर में स्थित है जिसमें वादी सं0 1 ला0 3 का 1/16–1/16 हिस्सा वादी सं0 4 ला0 6 व प्रतिवादी सं0 9 का 1/16 हिस्सा है यानि वादीगण व प्रतिवादी सं0 9 का विवादित आराजी में 1/4 हिस्सा है तथा उपरोक्त विवादित आराजी वादीगण व प्रतिवादीगण की शामलात कब्जे काश्त खातेदारी में दर्ज है। उक्त आराजी का अभी कानूनी तकासमा नहीं हुआ है। वादी ने प्रतिवादीगण से विवादित आराजी का कानूनी तकासमा कर अलग अलग खाता कायम कराने को कहा तो प्रतिवादीगण ने साफ इन्कार कर दिया। अतः वादी ने दावा मुताविक अनुतोष डिक्री किये जाने का निवेदन किया है।

दावा वादी दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलव किया गया। प्रतिवादीगण के जवाव व उनकी सहमति के आधार पर वाद वादी दिनांक 22.12.2022 को प्रारम्भिक रूप से डिक्री किया जाकर तहसीलदार कठूमर को विवादित आराजी का पक्षकारान की मौजूदगी में कानूनी तकासमा कर विधिनुसार विभाजन प्रस्ताव तैयार कर अदालत हाजा में पेश करने के आदेश दिये गये।

तहसीलदार कठूमर ने आदेश की पालना मे विवादित आराजी वावत कुर्रेजात रिपोर्ट (विभाजन प्रस्ताव) तैयार कर हाजिर अदालत होकर अदालत हाजा के समक्ष पेश की है जो शामिल पत्रावली है।

हमने पत्रावली के तथ्यों प्रस्तुत रेकार्ड व विभाजन प्रस्ताव तहसीलदार कठूमर का अवलोकन किया व बहस वकुलाय सुनी गई। तहसीलदार कठूमर ने अपनी कुर्रेजात रिपोर्ट में आराजी खसरा नम्बर 564 रकवा 0.3825 बाबूलाल, मुरारी, रमेश पुत्रान ईसर हिस्सा 3/4 जितेन्द्र पुत्र सुवालाल वत्तन पत्नी स्व0 सूवालाल, लक्ष्मी, सपना नाबा0

उपखण्ड अधिकारी
...र (अलवर) राज०

पुत्रियान सुवालाल हिस्सा 1/4 (सम भाग) कौम मीना सा0 देह खातेदार रहन बदस्तूर को व खसरा नम्बर 564/1 रकवा 0.3825 रामलाल पुत्र बुद्घा कौम मीना सा0 देह खातेदार को खसरा नम्बर 564/2 रकवा 0.3825 विशराम, शिवराम पि0 कर्ण कौम मीना सा0 देह खातेदार/ रहन बदस्तूर को व खसरा नम्बर 564/3 रकवा 0.3825 हे0 प्रकाश, विजेन्द्र, मुकट, रामोतार पि0 उमराव हिस्सा 1/2 हरसहाय पुत्र छाज्या हिस्सा 1/2 कौम मीना सा0 देह खातेदार रहन बदस्तूर को तकसीम में दिया है। विभाजन के अनुसार नक्शा भी विभाजन प्रस्ताव के साथ संलग्न किया गया है। विभाजन प्रस्ताव व नक्शा पर वादी एंव प्रतिवादीगण के सहमति के हस्ताक्षर है। कुर्रेजात रिपोर्ट तहसीलदार पर किसी पक्षकार ने कोई आपत्ति नहीं की है। अतः मुताविक कुर्रेजात रिपोर्ट तहसीलदार कठूमर वाद वादी अंतिम रूप से डिकी किये जाने योग्य पाया जाता है।

## –::आदेश::–

दावा वादी मुताविक कुर्रेजात रिपोर्ट तहसीलदार कठूमर अंतिम रूप से डिकी किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 564 रकवा 0.3825 बाबूलाल, मुरारी, रमेश पुत्रान ईसर हिस्सा 3/4 जितेन्द्र पुत्र सुवालाल वत्तन पत्नी स्व0 सूवालाल, लक्ष्मी, सपना नाबा0 पुत्रियान सुवालाल हिस्सा 1/4 (सम भाग) कौम मीना, खसरा नम्बर 564/1 रकवा 0.3825 रामलाल पुत्र बुद्घा कौम मीना को खसरा नम्बर 564/2 रकवा 0.3825 विशराम, शिवराम पि0 कर्ण कौम मीना को व खसरा नम्बर 564/3 रकवा 0.3825 हे0 प्रकाश, विजेन्द्र, मुकट, रामोतार पि0 उमराव हिस्सा 1/2 हरसहाय पुत्र छाज्या हिस्सा 1/2 कौम मीना को तकसीम में दिया जाकर तहसीलदार कठूमर को अदेश है कि वो उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में वादी एंव प्रतिवादीगण के हक हिस्सा व तकसीम में मिली आराजी बावत अलग अलग खाता कायम करें। तहसीलदार कठूमर द्वारा प्रस्तुत कुर्रेजात रिपोर्ट व नजरी नक्शा निर्णय का भाग रहेगा। तदनुसार पर्चा डिकी जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर वाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।सुनाया।

आज दिनांक 30.10.2025 को यह आदेश मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

श्याम सुन्दर चेतीवाल (आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी कठूमर (अलवर)

उपखण्ड अधिकारी
कठूमर (अलवर) राज०

## पर्चा डिक्री

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कठूमर ( अलवर )

**पीठासीन अधिकारीः– श्री श्याम सुन्दर चेतीवाल (आर ए एस)**

राजस्व वाद संख्याः– 1 / 213 / 2022 दायर दिनांकः– 13 / 07 / 2025

जीसीएमएस नं0:– 2022 / 2120 निर्णय दिनांकः– 30 / 10 / 2025

वउनवान

1. रमेश पुत्र ईशर जाति मीना निवासी सालवाडी
2. बाबूलाल पुत्र ईशर जाति मीना निवासी सालवाडी
3. मुरारी पुत्र ईशर जाति मीना निवासी सालवाडी
4. जितेन्द्र पुत्र सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी
5. लक्ष्मी पुत्री सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी
6. बत्तन पुत्री सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी

   तहसील कठूमर जिला अलवर

——— डिक्रीदारान

बनाम

1. विजेन्द्र पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
2. रामअवतार पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
3. प्रकाश पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
4. मुकट पुत्र उमराव जाति मीना निवासी सालवाडी
5. हरसहाय पुत्र छाज्या जाति मीना निवासी सालवाडी
6. रामपाल पुत्र बुद्दा जाति मीना निवासी सालवाडी
7. शिवराम पुत्र करण जाति मीना निवासी सालवाडी
8. विशराम पुत्र करण जाति मीना निवासी सालवाडी
9. सपना पुत्री सुआलाल जाति मीना निवासी सालवाडी
10. उप पंजीयक खेरलीमण्डी

    तहसील कठूमर
11. तहसीलदार कठूमर बहैसियत लैण्ड होल्डर तह0 कठूमर

——— मदयूनान

उपखण्ड अधिकारी

दावा तकसीम व हुक्मइन्तनाई दवामी

अतः दावा वादी मुताविक कुरेजात रिपोर्ट तहसीलदार कठूमर अंतिम रूप से डिक्री किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 564 रकवा 0.3825 बाबूलाल, मुरारी, रमेश पुत्रान ईसर हिस्सा 3/4 जितेन्द्र पुत्र सुवालाल वत्तन पत्नी स्व0 सूवालाल, लक्ष्मी, सपना नाबा0 पुत्रियान सुवालाल हिस्सा 1/4 (सम भाग) कौम मीना, खसरा नम्बर 564/1 रकवा 0.3825 रामलाल पुत्र बुद्वा कौम मीना को खसरा नम्बर 564/2 रकवा 0.3825 विशराम, शिवराम पि0 कर्ण कौम मीना को व खसरा नम्बर 564/3 रकवा 0.3825 हे0 प्रकाश, विजेन्द्र, मुकट, रामोतार पि0 उमराव हिस्सा 1/2 हरसहाय पुत्र छाज्या हिस्सा 1/2 कौम मीना को तकसीम में दिया जाकर तहसीलदार कठूमर को आदेश है कि वो उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड में वादी एंव प्रतिवादीगण के हक हिस्सा व तकसीम में मिली आराजी बावत अलग अलग खाता कायम करें।
श्याम सुन्दर चेतीवाल

आज दिनांक 30.10.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय सील से जारी हुई।

श्याम सुन्दर चेतीवाल (आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी कठूमर (अलवर)

उपखण्ड अधिकारी
कठूमर (अलवर)